रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक) मध्य कमान (करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी226002-
Principal Controller of Defence Accounts (Central Command) Cariappa Road, Lucknow Cantt.– 226002
कार्यालय फोन सं2453038-0522-कार्यालय फ़ैक्स सं/2451084-0522-.
Office Phone No.-0522-2451084/Office Fax No.-0522-2453038
E.Mail- pcdaccan1a.dad@gov.in

संख्या प्रशा./1अ/1057/Recruitment दिनांक : 03/03/2021

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक/PCA(Fys)

विषय : र.ले.प्र.नि.(म.क.), लखनऊ में स्टाफ कार ड्राइवर के पद पर एम.टी.एस. कर्मचारी की भर्ती हेतु आवेदन।

मुख्यालय कार्यालय दिल्ली छावनी ने अपने दिनांक 28/05/2020 एवं 11/01/2021 के पत्र AN/VIII/8200/Recruitment of Staff Car Driver/2020 के द्वारा सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों में स्टाफ कार चालक के {Staff Car Driver (Ordinary Grade)} के रिक्त पदों को विभाग में भर्ती नियमों में दिये गए प्रावधानों के अनुसार सीधी भर्ती के लिए भर्ती प्रक्रिया पर कार्यवाही के निर्देश दिये है जहां पद के सापेक्ष रिक्ति उपलब्ध है। अतः मुख्यालय कार्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ में स्टाफ कार चालक के 03 पदों पर सीधी भर्ती के लिए (एम.टी.एस. कार चालक) भर्ती प्रक्रिया पर कार्यवाही की जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

पद का नाम	वेतनमान	वर्गीकरण	तैनाती का कार्यालय व स्थान
1.	2.	3.	4.
स्टाफ कार चालक (सामान्य श्रेणी) Staff Car Driver (Ordinary Grade)	स्तर/Level-2 (रु.19900 से 63200)	साधारण केंद्रीय सेवाएँ समूह 'ग' अराजपत्रित Group 'C'	मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ

अतः आपसे यह अनुरोध किया जाता है कि यदि आपके कार्यालय में Level-1 (18000 से 56900) के बहुकार्य कर्मचारीवृंद (एमटीएस) जिनके पास मोटर गाड़ी के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति (Valid Four wheeler Driving License) है, इच्छुक प्रार्थी है तो कृपया उनसे भर्ती हेतु उचित (Proper) प्रार्थना पत्र लेकर इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

प्रार्थना पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 19/03/2021 है।

पद से संबन्धित शैक्षणिक योग्यता एवं महत्त्वपूर्ण विवरण :-

1.वेतनमान - स्तर -2 (रु.19900/- से रु. 63200/-)

2.मोटर कार चालक के लिए विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति (Valid Four wheeler Driving License) होना अति आवश्यक है।

3.मोटर यान्त्रिकी की जानकारी :- उम्मीदवार गाड़ी की छोटी कमियों को स्वयं दूर करने में सक्षम हो।

4.इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रशासन -1अ अनुभाग को मेल (**pcdaccan1a.dad@gov.in**) के माध्यम से दिनांक 16/03/2021 तक भेज दें।

5.अभ्यर्थी को आवेदन के साथ विधिमान्य चालन अनुज्ञप्ति (Valid Four wheeler Driving License) की विधिवत अनुप्रमाणित फोटोप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

6. इस पद की भर्ती, भर्ती नियमों के S.R.O 25 के स्तम्भ (11) के आधार पर निश्चित परीक्षा पर आधारित होगी।

7.भर्ती संबंधी कार्यवाही किसी भी कारण से, किसी भी स्तर पर, बिना पूर्व सूचना के रद्द/स्थगित/निलम्बित/समाप्त की जा सकती है।

8. किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश उम्मीदवार को अयोग्य कर देगी।

9. अपूर्ण /अपाठ्य आवेदन अमान्य समझे जाएंगे। आवेदन करने से पहले आवेदक परिपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।

10.नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

11.इस पद पर नियुक्ति पूर्णत: कौशल परीक्षा (Skill Test) एवं अधिकारियों के बोर्ड (Board of Officers) द्वारा सिफ़ारिश पर आधारित होगी।

12.इस पद की नियुक्ति उपरोक्त वर्णित मानकों (Benchmarks) के अतिरिक्त सतर्कता मंजूरी (Vigilance Clearance) और ए.पी.ए.आर. ग्रेडिंग (APAR Grading) मानकों (Benchmarks) में शामिल होंगे।

13.चयनित कर्मचारी की तैनाती अभी मुख्य कार्यालय, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ में होगी लेकिन केंद्र सरकार के कर्मचारी होने के चलते भविष्य में भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

14.कृपया सभी एम.टी.एस (Level-1) कर्मचारियों से नोट कराएं तथा इच्छुक प्रार्थी के नाम यथाशीघ्र इस कार्यालय को भेजें।

15.ड्राइविंग टेस्ट (Driving Test) की तिथि बाद में सूचित की जाएगी।

(पंकज उपाध्याय)
रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (प्रशा)

प्रतिलिपि :-

1. प्रभारी अधिकारी OA Cell (स्थानीय) — र.ले.प्र.नि.(म.क.), लखनऊ की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(पंकज उपाध्याय)
रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (प्रशा)